प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कल लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण से पहले मतदाताओं से अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेंदारी के निर्वहन की अपील की है। उन्होंने कहा है कि यह चुनाव उनका है और उन्हें अपनी पसंद का विकल्प चुनना है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने, अपने परिवार, बच्चों, गांवों, कस्बों और देश के लिए यह जिम्मेंदारी निभानी चाहिए। श्री कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि देशवासियों को एक वोट की कीमत को कभी भी कम नहीं आंकना चाहिए, क्योंकि कई बार बेहद कड़े मुकाबले में एक वोट बहुत महत्वंपूर्ण साबित होता है।

****

खूंटी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बताया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में स्वच्छ एवं पारदर्शी चुनाव कराने के मद्देनजर सभी मूलभूत सुविधाएं बहाल की जा रही हैं। मतदाताओं और मतदानकर्मियों की सुरक्षा और सुविधा का पूर्ण ध्यान रखा गया है। जिले के सभी आम मतदाताओं को कोई परेशानी न हो इसे लेकर सभी आवश्यक तैयारी कर ली गयी हैं। ईवीएम से मतदान को लेकर लगातार जागरूकता वाहन द्वारा प्रचार प्रसार का कार्य किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार होने के पश्चात उनके कार्य और उत्तरदायित्वों को लेकर प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

****

रांची के गोस्सनर कॉलेज में चुनाव आयोग की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के पैंसठ विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्या इलानी पूर्ति ने कहा कि हर व्यक्ति को मतदान करना चाहिए। मतदान करने से हम सही उम्मीदवार चुन सकते हैं, जो देश को तरक्की की ओर ले जाएं। मौके पर निर्वाचन आयोग के कई अधिकारी और कॉलेज के छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

****

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने आज मनरेगा घोटाले मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्रामीण विकास विभाग के कार्यकारी अभियंता शशि प्रकाश व जय किशोर चौधरी की बाइस करोड़ सैंतालिस लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। ईडी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इस मामले में कुल एक सौ छह करोड़ रुपए की कुर्की हुई है। जानकारी के अनुसार ईडी की जांच में यह बात सामने आई थी कि मनरेगा की योजनाओं के नाम पर राज्य के सभी जिलों में फर्जी खरीदारी की गई थी। वहीं कई सामग्रियो की खरीदारी बेहद ऊंची दरों पर की गई थी। इसी के आधार पर जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की।

****

मौसम विभाग के अनुसार तीन दिनों में झारखंड, उत्तरी कोंकण, सौराष्ट्र, मध्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में जबरदस्त लू चलने का अनुमान है। इस दौरान यहां का तापमान 40 डिग्री के आसपास रह सकता है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक आर. के. जैनामनी ने लोगों से सावधानी बरतने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है।

****

लातेहार जिले के ब्लड बैंक में सिर्फ दो यूनिट ब्लड बचा हुआ है। जिससे स्वास्थ्य विभाग की परेशानी बढ़ गयी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

रांची जिले के खेलगांव थाने की पुलिस ने ब्राउन–शुगर खरीद–बिक्री करने के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक युवक भागने में सफल रहा। इनके पास से बरामद ब्राउन शुगर की कीमत दो लाख रुपए बताई गई है। नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि खेलगांव थाना क्षेत्र के रामदयाल मुंडा कला केंद्र के पास ब्राउन शुगर की खरीद–बिक्री होने की सूचना मिली थी। सदर डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने वहां छापेमारी कर तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से ब्राउन शुगर भी बरामद किया गया।

****** **समाप्त** ******